Education
Public Schools

सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी

जब आपके बच्चे स्कूल से आ-जा रहे होते हैं, तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी आपकी है।

सुरक्षित रूप से बस की यात्रा करना

बच्चे को बस से उतरने के तुरंत बाद चोट लगने का सबसे अधिक खतरा होता है।

इस खतरे को कम करने के लिए:

- अपने बच्चों को बस स्टॉप पर मिलें – कभी भी उन्हें सड़क के दूसरी ओर न मिलें
- बस स्टॉप पर अपने बच्चों का हाथ पकड़ कर रखें
- बस स्टॉप पर प्रतीक्षा करते समय सड़क के किनारे से कुछ कदम पीछे खड़े रहें
- बस के जाने तक प्रतीक्षा करें, और फिर सड़क पार करने के लिए कोई सुरक्षित स्थान चुनें।

सड़क पार करने के लिए अपने बच्चों को एक सुरक्षित स्थान का पता लगाने में मदद करें, जैसेकि:

- पैदल चलने वाले लोगों के लिए क्रॉसिंग पर या ट्रैफिक लाइटों पर, यदि ये विकल्प उपलब्ध हों तो
- सड़क के किसी साफ दिखाई देने वाले क्षेत्र पर जहाँ से पूरे यातायात को वे दिखाई दें।

यदि आप अपने बच्चों के साथ नहीं रह सकते/सकती हैं, तो ऐसे किसी विश्वसनीय वयस्क की व्यवस्था करें जो उन्हें बस स्टॉप पर मिले।

और अधिक सहायता के लिए

विभाग का सड़क सुरक्षा शिक्षा कार्यक्रम देखें: https://education.nsw.gov.au/road-safety-education या https://education.nsw.gov.au और सड़क सुरक्षा से संबंधित शिक्षा की खोज करें।